लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

Punjab Crime : 3.42 लाख के नकली नोट संग दो गिरफ्तार

फिरोजपुर. पुलिस ने गांव सतिए वाला और मलवाल रोड से 3,42,800 रुपये के नकली नोट के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ये लोग कलर प्रिंटर से जाली करंसी तैयार कर बाजार में चलाते थे. पुलिस को कलर प्रिंटर भी बरामद हुआ है. थाना कुलगढ़ी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एसएसपी सौम्या मिश्रा ने बताया कि उनकी पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी जाली करंसी तैयार कर बाजार में चलाते हैं. इस समय आरोपी जाली करंसी संग सतिए वाला और मलवाल रोड पर खड़ा अपने साथी का इंतजार कर रहा है. पुलिस ने तुरंत उक्त जगह पर दबिश देकर आरोपी जसकरण सिंह वासी वार्ड नंबर तीन बस्ती माछिया तहसील जीरा जिला फिरोजपुर व आकाश वासी जीरा को काबू किया.

Source: https://lalluram.com/punjab-crime-two-arrested-with-fake-notes-worth-rs-3-42-lakh/